प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस–नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर सांस्कृतिक विविधता व सैन्य शक्ति का अनूठा प्रदर्शन।
- शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ राज्य स्तरीय समारोह–राज्यपाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज।
- ज़िला स्तर पर भी रही गणतंत्र दिवस समारोहों की धूम–विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियां सम्मानित।
- नशे के खिलाफ शिलाई विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों युवाओं ने की एक सौ 21 किलोमीटर लंबी पद यात्रा।
- जनजातीय क्षेत्र भरमौर में भारी बर्फबारी में लापता हुए दो युवाओं के शव बरामद।

गणतंत्र दिवस

77वां गणतंत्र दिवस आज देश भर में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व किया। समारोह का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक पर जाने के साथ शुरू हुआ। उन्होंने स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। परेड में हिमाचल प्रदेश की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही।

शिमला गणतंत्र

इस बीच राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और भारतीय सेना, आईटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल, हिमाचल पुलिस, पंजाब पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी और एनएसएस सहित 25 टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

डिस्पैच––– शिमला का ऐतिहासिक रिज मैदान 77वें राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का गवाह बना जहां बड़ी संख्या में लोगों भाग लिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत की एकता व अखंडता की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में देश व प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं की कड़ी मेहनत से ही भारत गणतंत्र राष्ट्र बना और संविधान में सभी को एक समान अधिकार दिए गए हैं। ––बाईट–जयराम ठाकुर–24"–– लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि देश का संविधान बनाने में संविधान निर्माताओं ने अढ़ाई वर्ष से अधिक समय तक उल्लेखनीय योगदान दिया। ––बाईट–विक्रमादित्य सिंह–37" इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ––होल्ड–– इस मौके पर सेना के हैलीकॉप्टर द्वारा रिज मैदान पर पुष्प वर्षा भी की गई। राज्यपाल ने समारोह के दौरान शिमला ज़िले की चौपाल तहसील के गगाना निवासी रितिक चौहान को जीवन रक्षा में अदम्य साहस के लिए उत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

गणतंत्र–कांगड़ा

कांगड़ा ज़िले का ज़िला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह धर्मशाला के पुलिस मैदान में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल आत्मनिर्भर राज्य बनने की ओर अग्रसर है और पिछले तीन वर्षों में 26 हजार 6 सौ 83 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है।

ज़िला समारोह

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नाहन के चौगान मैदान में ज़िला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं के योगदान को देशवासी कभी नहीं भुला पाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने सोलन में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया।

चंबा में कृषि मंत्री चंद्रकुमार ने तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने भारतीय संविधान को एकता व अखंडता का प्रतीक बताया।

बिलासपुर में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पीएम श्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता की। इस मौके पर कलाकारों ने किन्नौर की समृद्ध संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

ज़िला समारोह–2

ऊना में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने तिरंगा फहराया और विभिन्न टुकड़ियों से मार्च पास्ट की सलामी ली।

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने हमीरपुर में ज़िला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की और लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कुल्लू के ढालपुर मैदान में ज़िला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया।

आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने मंडी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

केलंग में बर्फ से भारी ठंड के बावजूद भी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर एस बाली ने बर्फ से ढकी वादियों के बीच तिरंगा फहराया।

पद यात्रा

शिलाई विधानसभा क्षेत्र के युवाओं ने नशे के खिलाफ एक सौ 21 किलोमीटर लंबी पद यात्रा की जो आज नाहन में संपन्न हुई। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पद यात्रा में भाग लेने वाले सैंकड़ों युवाओं का स्वागत किया। ये पद यात्रा क्यारी गुंडाह गांव से शुरू हुई थी और इस दौरान युवाओं ने नशा मुक्ति का संदेश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की।

शव बरामद

चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में भरमाणी माता मंदिर की ऊपरी दुर्गम पहाड़ियों में कुछ दिन पहले लापता हुए दो युवकों के शव आज बरामद कर लिए गए हैं। भारतीय वायु सेना के दो हैलिकॉप्टरों की सहायता से तलाशी अभियान आज पूरा हुआ। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि

भरमौर क्षेत्र के रहने वाले ये दोनों युवक लगभग 5 फुट बर्फ में फंस गए थे। इनके साथ एक कुत्ता भी था जो जीवित मिला है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस–नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर सांस्कृतिक विविधता व सैन्य शक्ति का अनूठा प्रदर्शन।
- शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ राज्य स्तरीय समारोह–राज्यपाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज।
- ज़िला स्तर पर भी रही गणतंत्र दिवस समारोहों की धूम–विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियां सम्मानित।
- नशे के खिलाफ शिलाई विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों युवाओं ने की एक सौ 21 किलोमीटर लंबी पद यात्रा।
- जनजातीय क्षेत्र भरमौर में भारी बर्फबारी में लापता हुए दो युवाओं के शव बरामद।